दिन– मंगलवार | दिनांक– 07 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने कहा – देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। पांच किलो वाले गैस सिलेंडर का आवंटन दोगुना किया गया।

02 गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने कहा – प्रदेश में पच्चीस चीनी मिल जल्द चालू किये जायेंगे।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – पूर्वी चंपारण शराब कांड के सभी आरोपी गिरफ्तार। भारी मात्रा में मेथेनॉल बरामद।

04. और, मौसम विभाग ने कल उत्तर बिहार के बारह जिलों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। साथ ही सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

–––साउंड बाइट–––

संयुक्त सचिव ने बताया कि कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन संकट–पूर्व स्तरों के लगभग सत्तर प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांच किलो के एलपीजी सिलेंडरों का आवंटन दोगुना करने का नया आदेश जारी किया है।

–––साउंड बाइट–––

---

इधर, पटना में पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इंडियन ऑयल के बिहार प्रमुख ए.के. समांतराय ने कहा कि राज्य में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से जारी है। साथ ही एलपीजी की भी कहीं कोई कमी नहीं है।

–––साउंड बाइट–––

---

गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने कहा है कि प्रदेश में पच्चीस चीनी मिल जल्द चालू किये जायेंगे। शेखपुरा के मसौढ़ा गांव में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि इस संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति ने संबंधित जिलाधिकारियों को चीनी मिल के लिए भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

———साउंड बाइट———

---

कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में राज्यस्तरीय ''जल—जीवन—हरियाली दिवस'' कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि अभियान के तहत तालाब, पोखर, कुआँ और नदियों को अतिक्रमण मुक्त कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

———साउंड बाइट———

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पश्चिम चंपारण जिले में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि योजनाओं का कार्यान्वयन तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं।

———साउंड बाइट———

---

दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने कहा है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से झाझा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस रेललाइन की लंबाई चार सौ किलोमीटर है। श्री कुमार आज दानापुर में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से आने वाले समय में रेल परिचालन अधिक सुगम, तेज और सुरक्षित होगा।

———साउंड बाइट———

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि पूर्वी चंपारण जिले में मेथेनॉल से बनी शराब पीने के कारण लोगों की मौत हुई है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पंद्रह सौ लीटर मेथेनॉल बरामद की गयी।

———साउंड बाइट———

इससे पहले, पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक ने बताया कि राज्य में तेरह नये फॉरेंसिक लैब शुरू होंगे। जिन मामलों में सात साल या उससे अधिक की सजा का प्रावधान है, उसमें घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

———————————————————

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अररिया, मधुबनी, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण समेत उत्तर बिहार के बारह जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———साउंड बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई के चकाई में सबसे अधिक आठ दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

———————————————————

लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग, पटना में योगदान करने के लिए कहा गया है। उनकी जगह लखीसराय के अपर समाहर्ता सह– अपर जिला दंडाधिकारी को जिलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

———————————————————

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के उनतालीसवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर पटना के रविन्द्र भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चाणक्य विधि विश्वविद्यालय के कुलपति फैजान मुस्तफा ने छात्रों के बीच डिग्री और उपाधि का वितरण किया।

———————————————————————————

सिखों के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज पटना साहिब स्थित तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब समेत विभिन्न गुरूद्वारों में विशेष दीवान सजाये गए हैं। इसके साथ ही शबद कीर्तन से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी के योगदान को नमन करते हुये उन्हें देश की सभ्यता का एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन निर्भीकता, त्याग और मानवता के प्रति गहरी चिंता का एक तेजस्वी उदाहरण है।

———————————————————————————

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस अवसर पर सभी डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। इधर, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————————

सहरसा जिला अस्पताल को स्वच्छता, प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में राज्य का आदर्श जिला अस्पताल घोषित किया गया है। कायाकल्प योजना के तहत हुए राज्य स्तरीय मूल्यांकन में मॉडल जिला अस्पताल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

———————————————————————————

सहरसा और जमालपुर के बीच मेमू ट्रेन का आज से परिचालन शुरू हो गया है। स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव ने सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

छपरा के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब की शुरूआत हुई है। इसका उद्घाटन स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी और महराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने संयुक्त रूप से किया।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना में पदस्थापित दारोगा अनिल कुमार सिंह को सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा एक केस में शिकायतकर्ता को मदद करने के लिए घूस ले रहा था।

---

बेगूसराय जिले के चेरिया बरियापुर मध्य विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिका कुमारी धर्मशीला ने विद्यालय के विकास के लिए दो लाख इक्यावन हजार रुपये की राशि प्रदान की है। वे इकतीस मार्च को सेवानिवृत्त हुई थीं।

---

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में मरौना बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका कल्याणी कुमारी को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक आरोपी को चौंतीस एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया।

---

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, सिसवा के बंद पड़े शौचालय से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने कहा – देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। पांच किलो वाले गैस सिलेंडर का आवंटन दोगुना किया गया।

02 गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने कहा – प्रदेश में पच्चीस चीनी मिल जल्द चालू किये जायेंगे।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – पूर्वी चंपारण शराब कांड के सभी आरोपी गिरफ्तार। भारी मात्रा में मेथेनॉल बरामद।

04. और, मौसम विभाग ने कल उत्तर बिहार के बारह जिलों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।